सरकार अब मतदाता चुन रही है-भूपेश बघेल

पूर्व मुख्यमंत्रीने लोकतंत्रकी मजबूतीको लेकर सरकारपर साधा निशाना



कांग्रेस के सामाजिक न्याय और भागीदारी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रयागराज पहुंचे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जाति जनगणना, सामाजिक न्याय, मतदान के अधिकार और लोकतंत्र की मजबूती को सरकार पर सीधा निशाना साधा। रविवार को आलोपीबाग स्थित सरदार पटेल सेवा संस्थान में आयोजित सामाजिक न्याय भागीदारी सम्मेलन में पहुंचें छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कि लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है। अगर वोट ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो लोकतंत्र की सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था नहीं होनी चाहिए, जिसमें जनता सरकार चुने, बल्कि सरकारें ही यह तय करने लगें कि कौन मतदाता होगा। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना के माध्यम से समाज के सभी वर्गों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति की वास्तविक जानकारी सामने आएगी। इससे यह पता चल सकेगा कि किस वर्ग की स्थिति क्या है, और उसे विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए किन कदमों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की बात लंबे समय से होती रही है, लेकिन राहुल गांधी ने इसे नए तरीके से सामने रखते हुए सभी वर्गों को न्याय और बराबरी का अधिकार दिलाने की जरूरत पर जोर दिया है। भूपेश बघेल ने कहा कि सामाजिक न्याय का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को उसका उचित अधिकार और अवसर उपलब्ध कराना है। इसके लिए जरूरी है कि सभी वर्गों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए। जाति जनगणना से सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्तर पर लोगों की स्थिति का पता चल सकेगा। इसके आधार पर यह समझने में मदद मिलेगी कि किन वर्गों को किन क्षेत्रों में आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जब तक समाज के अलग-अलग वर्गों की वास्तविक स्थिति का स्पष्ट आंकड़ा सामने नहीं आएगा, तब तक उनके विकास और भागीदारी से जुड़ी जरूरतों का सही आकलन करना मुश्किल होगा। जाति जनगणना को इसी दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने सामाजिक न्याय की मांग को सभी वर्गों के अधिकारों से जोड़कर पेश किया।

मतदाता सूचीसे लोगोंके काटे जा रहे नाम-प्रदेश प्रभारी

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने आरोप लगाते हुए कहा कि मतदाता सूची से लोगों के नाम काटे जा रहे हैं।

कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार होना चाहिए, लेकिन मतदाता सूची से नाम हटाए जाने की स्थिति में लोगों के मतदान के अधिकार पर असर पड़ सकता है। जिसको रोकने का काम समाज के हर तबके को मिलकर करना चाहिये।

शरद पूर्णिमापर त्रिवेणीमें लगायी डुबकी, की मां लक्ष्मीकी आराधना

श्रद्धालुओंने अमृत वर्षाके लिए खुले आसमानके नीचे रखी खीर

शरद पूर्णिमा के मौके पर रविवार को श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगायी। जिसके बाद धन देवी यानी लक्ष्मी का पूजन अर्चन किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग मां गंगा के पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचे। स्नान के बाद मां गंगा और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की। साथ ही अपने परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य तथा जन-कल्याण की मंगल कामना की। यह सिलसिला शाम चार बजे तक चला। जिसके बाद रात के समय अमृत वर्षा की लालसा से खुले आसमान के नीचे खीर रखी। मान्यता के अनुसार, यह वर्ष की एकमात्र ऐसी रात्रि है जब चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। ऐसा माना जाता है कि इस रात चंद्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है। इसी कारण इस तिथि को आरोग्य और समृद्धि से जोड़ा जाता है। यह भी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात को मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और यह जानने के लिए आती हैं कि कौन जाग रहा है। इस दिन उनकी विशेष पूजा और कोजागर व्रत किया जाता है। कई जगहों पर भगवान विष्णु (लक्ष्मी-नारायण) की भी आराधना होती है। इस रात चंद्रमा अपनी सभी १६ कलाओं से परिपूर्ण होते हैं। चंद्र देव की पूजा करने और उनकी चांदनी में खीर रखने की परंपरा है, जिसे अमृत समान माना जाता है।



मतदानका अधिकार दिलानेके लिए कांग्रेसने किया संघर्ष-आराधना

प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कांग्रेस ने सभी लोगों को मतदान का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। आज संविधान के तहत नागरिकों को मिले मतदान के अधिकार को लोकतंत्र की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि इस अधिकार की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है।

आरोप लगाते हुए कहा कि मतदाता सूची से नाम कटने के आरोपों को गंभीरता से देखने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हर पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने की जरूरत है। वहीं कांग्रेस प्रदेश में इंडिया गठबंधन के साथ मजबूती से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिन्द ने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्त्तमान सरकार दलित, शोषित, वंचित और अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने का भरसक प्रयास कर रही है। प्रदेश के विधानसभा चुनाव में यूपी कि जनता इसका जवाब देने के लिए तैयार है।

इस मौके पर विधानमंडल दल के नेता विरेन्द्र चौधरी, मनोज यादव, पूर्व विधायक विजय प्रकाश, देवेंद्र निषाद, मुकुंद तिवारी, सुधाकर तिवारी, हरिकेश त्रिपाठी, मनोज पासी, परवेज अंसारी, विजय यादव, तलत अजीम, प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन,विजय मिश्रा, अंशुमान पटेल, राजनारायण आदि मौजूद रहे।

कार पार्किंगके विवादमें युवकको पीटा, धमकी

कार खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित मो. आतिफ ने कोतवाली थाने में तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मो. आतिफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २१ अक्टूबर को कैंट क्षेत्र में कार खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद २३ अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे पीड़ित एसएवी स्कूल के पास खड़ा था। आरोप है कि तभी कार से सत्यम सेठ उतरा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने पीड़ित के साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागा तो आरोपित ने दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़ित ने २४ अक्टूबर को कोतवाली थाने में तहरीर दी है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

एसआरएन में मारपीट मामलेमें वीडियो वायरल, दिखे चोटके निशान

अज्ञात डाक्टरोंके खिलाफ दर्ज है एफआईआर

एसआरएन अस्पताल में अधिवक्ता और उनके चालक से मारपीट के मामले में सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसमें पीड़ितों के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। अधिवक्ता सर्वेश शुक्ला ने आरोप लगाया था कि ट्रामा सेंटर में अनाथ मरीज के इलाज की गुहार लगाने पर उनके और चालक कृष्ण कुमार केशरवानी के साथ मारपीट की गई। उनका मोबाइल और सोने की चेन भी छीन ली गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

अल्लापुर निवासी और हाईकोर्ट के अधिवक्ता सर्वेश शुक्ला के मुताबिक, बृहस्पतिवार शाम वह अपने चालक के साथ बहादुर नाम के अनाथ मरीज को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। मरीज की हालत गंभीर थी। ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए कहने पर वहां मौजूद डॉक्टर से उनकी बातचीत हुई। आरोप है कि दोबारा अनुरोध करने पर अभद्रता की गई और विवाद बढ़ने पर कई लोग पहुंच गए। सर्वेश का दावा है कि उनके और चालक के साथ मारपीट की गई। मामले में अधिवक्ता ने पुलिस कमिश्नर और जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि कारवाई नहीं होने पर सोमवार को दोनों अधिकारियों के कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। कोतवाली थाना प्रभारी सुधीर सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज हो चुकी है, सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

दहेजके लिए विवाहिताको पीटकर घरसे निकाला

पतिपर दूसरी शादी करने एवं अपहरणकी धमकी देनेका आरोप

दहेज में मोटरसाइकिल नहीं मिलने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने, मारपीट कर घर से निकालने और जान से मारने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। मेजा क्षेत्र की रहने वाली विवाहिता ने पति सहित ससुराल के कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए महिला थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। आरोप है कि पति ने दूसरी शादी कर ली है और अब विवाहिता के मायके वालों पर शादी में हुए खर्च की रकम लौटाने का दबाव बनाया जा रहा है। रकम नहीं देने पर पीड़िता का अपहरण कर बेचने की धमकी भी दी गई है।

मेजा थाना क्षेत्र निवासी रामरती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह जून २०२५ को एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के जलालपुर घोसी निवासी सचिन कुमार निषाद के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही मोटरसाइकिल की मांग को लेकर सास-ससुर, देवर और ननद समेत अन्य ससुराल वाले उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पति ने भी उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। एक दिन मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि उसने अपने पिता को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पिता और अन्य रिश्तेदार ससुराल पहुंचे और बातचीत की। इस दौरान पता चला कि पति ने दूसरी शादी कर ली है। आरोप है कि पति अब शादी में हुए खर्च और बरात में गाड़ी के किराये की रकम वापस मांग रहा है। रकम नहीं देने पर अपहरण कर बेचने की धमकी दी जा रही है। महिला थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी है।

बाजार गई किशोरी लापता, युवक नामजद

एयरपोर्ट थाना क्षेत्र में बाजार गई १६ वर्षीय किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले दीपक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर बाइक से अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर एयरपोर्ट पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, किशोरी २० अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे बाजार जाने के लिए घर से निकली थी। आरोप है कि रास्ते में उसे पड़ोस में रहने वाला दीपक मिल गया। पिता का कहना है कि आरोपित काफी समय से उनकी बेटी के पीछे पड़ा था।

आरोप है कि वह किशोरी को बहला-फुसलाकर बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया किशोरी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद पुलिस से शिकायत की गई। एयरपोर्ट पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर किशोरी की तलाश में जुटी है।

गणनासे न छूटे कोई परिवार, चलायें जन जागरूकता अभियान

कलेक्ट्रेट, तहसील-अस्पताल, थाना, बस एवं रेलवे स्टेशनोंपर लगेंगी होर्डिंग्स एवं स्टैण्डी

जनगणना-२०२७ के दृष्टिगत जन जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इस संबंध में शनिवार को संगम सभागार में डीएम एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी चार्ज अधिकारी (ग्रामीण एवं नगरीय) एवं सभी जोन नगर निगम के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि गणना से कोई भी परिवार ने छूटे। इसके लिए व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाय।

कहा कि आम लोगों तक जानकारी जनगणना २०२७ हेतु कलेक्ट्रेट, तहसील, अस्पताल, पुलिस थानों, बस अड्डों एवं रेलवे स्टेशनों पर होर्डिंग और स्टैंडी लगाए जाएंगे। सोशल मीडिया, स्थानीय हस्तियों, लोक कलाकारों, नगर निगम के वाहनों, माइकयुक्त ई-रिक्शा तथा स्थानीय केबल नेटवर्क के माध्यम से भी प्रचार किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा, चौपाल एवं समिति बैठकों के जरिए आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वयंसेवकों का सहयोग लिया जाएगा। ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सदस्यों को भी सहयोग हेतु पत्र भेजे जाएंगे। समस्त प्रचार सामग्री में आधिकारिक लोगो, निर्धारित रंग-संयोजन, प्रारूप एवं भौगोलिक मानचित्रों का आवश्यकतानुसार उपयोग करते हुए एकरूपता सुनिश्चित की जाएगी। सभी प्रचार सामग्री पूर्णतः गैर-राजनीतिक होगी। जनगणना २०२७ में १६ नवम्बर से ३० नवम्बर तक स्वगणना पोर्टल https://se.census.gov.in के माध्यम से की जाएगी। इसके पश्चात ०१ दिसम्बर, २०२६ से ०४ जनवरी, २०२७ तक प्रगणकों द्वारा मोबाइल एप के माध्यम से घर-घर जाकर जनसंख्या गणना तथा ०५ से ०९ जनवरा २०२७ तक पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा।

महिलाओंने आरोग्य दीप जलाकर मां कल्याणीका किया पूजन

शरद पूर्णिमा पर्व पर शक्तिपीठ मां कल्याणी देवी के मंदिर में मा कल्याणी का अलौकिक भव्य वार्षिकी महाश्रृंगार दूसरे दिन भी किया गया।

मां कल्याणी का महाभिषेक षोडशोपचार पूजन विधि विधान पूर्वक पंडित श्याम जी पाठक और शाम सात बजे पंडित सुशील पाठक ने मां कल्याणी की महाआरती ढोल-नगाड़े, घंट-घड़ियाल के साथ किया। शरद पूर्णिमा का पर्व आरोग्यता, सुख समृद्धि की कामना के लिए होता है जो माता महालक्ष्मी को समर्पित है जो सुख समृद्धि और कल्याण की देवी है। इस दौरान महिलाओं ने आरोग्य का दीप जला करके व्रत पूजन कर मां कल्याणी से सुख समृद्धि की कामना की।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि देर रात तक मां का दरबार भक्तों के लिए खुल रहा और भक्तों को खीर प्रसाद का वितरण किया गया।

व्यवस्था में आचार्य संतोषानंद महाराज, अनिल पाठक कृष्ण कुमार पाठक, सुधीर पाठक महेंद्र तिवारी, कमल सरदार आदि जुटे रहे।



पूरामुफ्तीमें युवकपर चाकूसे हमला, गंभीर

सड़कपर खूनसे लथपथ मिला युवक, फतेहपुर जनपदसे ससुराल आया था गोलू

पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली में ससुराल आए फतेहपुर निवासी गोलू पर दो हमलावरों ने चाकू से हमला कर गला रेत दिया। वारदात के बाद हमलावर उसे सड़क पर फेंककर फरार हो गए। खून से लथपथ युवक को देखकर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को भगवतपुर सीएचसी में भर्ती कराया। शुरुआती जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जख्मी युवक का एक वीडियो सोशलमीडिया पर वायरल हुआ है।

पुलिस के अनुसार, गोलू की शादी बमरौली में हुई है। करीब १५ से २० दिन पहले उसकी पत्नी मायके आ गई थी। दो दिन पहले ही उसने बच्चे को जन्म दिया था। इसके बाद गोलू भी ससुराल पहुंचा था। शनिवार को वह बमरौली के पास सड़क पर खून से लथपथ मिला। जानकारी मिलने पर पुलिस उसकी पहचान करते हुए ससुराल पहुंचा। पुलिस की पूछताछ में गोलू ने बताया कि दो हमलावरों में से एक ने उसे पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने चाकू से उसके गले पर दो बार वार किया। इसके बाद दोनों उसे सड़क पर फेंककर भाग गए। हमलावरों ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था, इसलिए वह उनकी पहचान नहीं कर सका।

वहीं, गोलू की सास ने पुलिस को बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद वह घर से चला गया था। इसके बाद युवक पर हमले की घटना सामने आई। हालांकि, हमले के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पूरामुफ्ती के थाना प्रभारी शांतनु सिंह ने बताया कि पीड़ित ने रविवार को थाने आकर शिकायत देने की बात कही थी, लेकिन वह नहीं पहुंचा। जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कारवाई की जाएगी।

अधेड़की संदिग्धदशामें मौत

कोतवाली थानाक्षेत्र में रविवार को एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। १०८ एंबुलेंस ने उसे स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद अधेड़ की पहचान शाहगंज सब्जी मंडी निवासी ५२ वर्षीय अफरोज के रूप में हुई। अफरोज को एंबुलेंस कहां से अस्पताल ले गई, इसे लेकर संशय रहा।

सूत्रों के मुताबिक अफरोज की मौत किसी होटल में हुई। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की। अफरोज की मौत कैसे हुई, यह पोस्टमार्टम के बाद ही पता ज्ञात होगा।

थाना प्रभारी कोतवाली सुधीर कुमार सिंह के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

राकेश टिकैतकी किसान क्रांति महापंचायत आज

भारतीय किसान यूनियन की किसान क्रान्ति महापंचायत सोमवार को होगी। मुण्डेरा मण्डी की महापंचायत में किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत शामिल होंगे। महापंचायत में किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीणों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा, किसानों की फसलों की खरीद, सिंचाई एवं बिजली व्यवस्था, छुट्टा पशुओं की समस्या और संघटन कार्यालय पर हुए हमले आदि पर मंथन किया जायेगा। भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत १२ प्रमुख मांगें शामिल हैं। जिनमें विंध्य एक्सप्रेसवे, रिंग रोड एवं एयरोसिटी परियोजनाओं में किसानों को उचित मुआवजा, भूमि अधिग्रहण से प्रभावित गांवों में किसानों को परियोजना, अधिग्रहण प्रक्रिया एवं मुआवजे की जानकारी दी जाए एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। रिंग रोड के लिए अधिग्रहित भूमि का नियमानुसार उचित प्रतिकर दिया जाए, सर्किल रेट का पुनरीक्षण किया जाए, दोनों ओर ५० मीटर तक प्रस्तावित ग्रीन बेल्ट में आने वाली भूमि के लिए भी नियमानुसार मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, २०१३ सहित लागू कानूनों के प्रावधानों का पालन करते हुए किसानों के हितों की रक्षा की जाए। किसानों के धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद सुनिश्चित की जाए। पर्याप्त संख्या में धान क्रय केंद्र खोले जाएं।

युवकपर ईंटसे हमला मोबाइल छीनकर भागे

सिविल लाइंस क्षेत्र में बिग बाजार के सामने बाइक बनवाने गए युवक पर ईंट से हमला कर घायल कर दिया गया। पीड़ित ने बरूदखाना निवासी लाला गुप्ता पर मारपीट करने और मोबाइल फोन लेकर भागने का आरोप लगाते हुए सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज करायी है।

पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच कर रही है। तेलियरगंज निवासी आकाश कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि २२ अक्तूबर की शाम वह बाइक बनवाने गया था। आरोप है कि इसी दौरान लाला गुप्ता ने उस पर ईंट से हमला कर दिया। मारपीट में उसके सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। आरोप है कि घटना के बाद आरोपित उसका मोबाइल फोन लेकर भाग गया। उस समय आरोपित की पत्नी रेशमी गुप्ता भी मौके पर मौजूद थी।

शंकरगढ़ में एंबुलेंस एवं बाइककी भिड़ंतमें दोकी मौत

बांदा राजमार्गपर हुआ हादसा, एंबुलेंसको कब्जेमें लेकर पुलिस कर रही जांच

शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बांदा राजमार्ग पर स्थित जीके सीमेंट प्लांट के सामने रविवार को एंबुलेंस और बाइक की जोरदार टक्कर में दो की मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतकों के परिजनों को सूचित किया और एंबुलेंस को कब्जे में लेकर आगे की कारवाई कर रही है। बताया जाता है कि दोनों दोस्त थे और बाइक से चित्रकूट धाम दर्शन करनेके लिए निकले थे।

शंकरगढ़ संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार अशोक मिश्रा ५५ वर्ष पुत्र गंगा प्रसाद मिश्रा निवासी लालगंज मिर्जापुर अपने साथी सुनील कुमार मिश्रा ४८ वर्ष निवासी ग्राम पथरहा कोराव के साथ चित्रकूट की ओर जा रहे थे। जेके सीमेंट प्लांट के पास रोड पर दोनों तरफ खड़ी ट्रकों की वजह से एंबुलेंस से टकरा गए। जिससे दोनों बाइक सवार दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं आसपास लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दोनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां चिकित्सकों ने अशोक मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। वहीं सुनील कुमार मिश्रा की हालत गंभीर देख उन्हें प्रयागराज रिफर कर दिया लेकिन प्रयागराज ले जाते समय उसकी भी रास्ते में मौत हो गई। वही हाईवे पर सड़क के किनारे खड़े ट्रकों को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बांदा राजमार्ग के किनारे खड़े ट्रकों के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि सड़क किनारे ट्रकों की पार्किंग पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में भी इस तरह की घटनाए होती रहेंगी। शंकरगढ़ थाना प्रभारी प्रीतम तिवारी ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी है। दोनों के शवों को पीएम के लिए भेज दिया गया है। एंबुलेंस को कब्जे में लेकर आगे की कारवाई की जा रही है।

शहराराबागमें युवकने फांसी लगाकर दी जान

अवसादमें रहता था आकाश नहीं मिला सुसाइड नोट

कोतवाली थाना क्षेत्र के शहराराबाग में रविवार दोपहर एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक का अवसाद में होना बताया गया। कोतवाली पुलिस जांच के बाद आगे की कारवाई की। पुलिस के मुताबिक मृतकके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली थानाक्षेत्र के शहराराबाग निवासी राजू सोनकर के तीन बेटों में दूसरे नंबर का २८ वर्षीय आकाश सोनकर जीरोरोड बस अड्डे के बाहर चाय-कॉफी, बंद-मक्खन आदि की दुकान चलाता था। रविवार दोपहर वह अपने कमरे में फांसी पर लटक गया। कुछ देर बाद मां ऊषा देवी कमरे में गईं तो उसे फांसी पर लटका देख चीख पड़ीं। उनकी चीख-पुकार सुनकर घर के दूसरे सदस्य और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और फंदे से उतारकर आकाश को पास के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों के मुताबिक आकाश विवाहित था और उसके चार साल का एक बेटा और करीब दो साल की एक बेटी है। बीते कुछ महीनों से आकाश और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी। करिश्मा अपने मायके नैनी में रह रही है। पत्नी से अनबन के चलते आकाश अवसाद में था। थाना प्रभारी कोतवाली सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आकाश सोनकर नाम के एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। युवक ने आत्महत्या क्यों की, इसका पता लगाया जा रहा है।



गाड़ीवान टोला दुर्गापूजा पण्डाल में लक्ष्मी पूजन।

माफिया अतीक अहमदकी करोड़ोंकी बेनामी संपत्ति कुर्क

१४ भूखंडोंमें पुलिसने लगाया बोर्ड, मदनलालके नाम करायी गयी थी रजिस्ट्री

माफिया अतीक अहमद की बेनामी संपत्तियों पर पुलिस का शिकंजा लगातार कस रहा है। इसी कड़ी में रविवार को कैंट और एयरपोर्ट थाना पुलिस ने राजस्व विभाग की टीम के साथ मिलकर असदुल्लापुर भीटी में करीब ११ बीघा जमीन के १४ भूखंड कुर्क कर लिए। इन संपत्तियों की बाजार कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, जमीनें अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई थीं और इनकी रजिस्ट्री मदनलाल भारतीय के नाम पर कराई गई थी। पुलिस आयुक्त न्यायालय के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत हुई इस कार्रवाई से माफिया की बेनामी संपत्तियों पर कार्रवाई का सिलसिला आगे बढ़ा है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अतीक अहमद अपने आपराधिक प्रभाव और भय का इस्तेमाल कर लोगों को धमकाता था। आरोप है कि उसने अपराध से अर्जित धन से कीमती जमीनें कम कीमत पर खरीदीं और पहचान छिपाने के लिए उनकी रजिस्ट्री मदनलाल भारतीय के नाम पर करा दी। इन संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश पुलिस आयुक्त न्यायालय ने २७ जुलाई २०२६ को दिया था। रविवार को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर आदेश का अनुपालन कराया। जमीनों पर कुर्की संबंधी बोर्ड भी लगा दिए गए।पुलिस के मुताबिक, भीटी ताल्लुका असदुल्लापुर में आराजी संख्या ५९२, १३३, ५९४, ५९१, ५६८, ४८५, ४८९ मि., ४६९, ५९८, १३८, ४८८, ५६६, ५८७ और ५५८ की जमीन कुर्क की गई है। इनमें आराजी संख्या ५९२, १३३, ५९४ और ५९१ की जमीन के एक-छठे हिस्से पर कार्रवाई की गई। वहीं, आराजी संख्या १३८ की कुल ०.२९७० हेक्टेयर जमीन में से ०.०५९४ हेक्टेयर हिस्सा कुर्क किया गया। कैंट थाना प्रभारी अमरनाथ राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। इसमें उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल तुफैल खान, कांस्टेबल रितेश प्रसाद, पीपलगांव चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह और कांस्टेबल रविंद्र सिंह शामिल रहे। राजस्व विभाग की ओर से क्षेत्रीय लेखपाल प्रतीक पांडेय ने सहयोग किया। टीम ने संबंधित भूखंडों की पहचान कर कुर्की की प्रक्रिया पूरी की।

२८ जुलाईको कुर्क हुई थी ११० करोड़ संपति

२८ जुलाई को तत्कालीन डीसीपी मनीष शांडिल्य के नेतृत्व में टीम ने अतीक की करीब ११० करोड़ रुपये की बाजार कीमत वाली ४४ जमीनें कुर्क की थी। ये जमीनें मदन लाल भारतीय के नाम पर खरीदी गई थीं। इन संपत्तियों को अपराध से अर्जित धन से खरीदा गया था।

कुर्क की गई जमीनें असदुल्लापुर भीटी, गौसपुर कटहुला और पीपलगांव में स्थित हैं। इनका कुल रकबा करीब २०.३८ बीघा है। राजस्व अभिलेखों के अनुसार, जमीनों की सरकारी कीमत करीब ४७.०३ करोड़ रुपये है, जबकि बाजार मूल्य लगभग ११० करोड़ रुपये आंकी गई थीं।

आबकारी सिपाहीकी मौतके मामलेमें दो साल बाद डाक्टरपर एफआईआर

इलाजमें लापरवाहीका आरोप, पेटसे पानी निकालनेके बाद बिगड़ी थी हालत

करेली स्थित गौस मेडिकेयर सेंटर में इलाज के दौरान आबकारी सिपाही की मौत के मामले में पुलिस ने अस्पताल संचालक डॉ. फिरोजउद्दीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सिपाही के पिता ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पेट से पानी निकालने के बाद बेटे की हालत बिगड़ गई थी। बाद में दूसरे अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। करेली के करामत की चौकी निवासी अली अहमद सिद्दीकी के मुताबिक, उनका ३५ वर्षीय बेटा इमरान अहमद आबकारी विभाग में कांस्टेबल था। लीवर की बीमारी से पीड़ित होने पर उसे २१ जुलाई २०२४ को गौस मेडिकेयर सेंटर में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि इमरान खुद चलकर अस्पताल पहुंचा था। जांच के बाद डॉक्टर ने उसके पेट में पानी भरने की बात कही और पानी निकालने की सलाह दी। इसके बाद उसे ऑपरेशन थियेटर में ले जाकर पेट से पानी निकाला गया।पिता का आरोप है कि पेट से पानी निकालने की प्रक्रिया किसी पेट या लीवर रोग विशेषज्ञ की सलाह और निगरानी के बिना की गई। इसके तुरंत बाद इमरान की हालत बिगड़ने लगी। डॉक्टर की सलाह पर उसी रात करीब ९:१५ बजे उसे अरोग्यवरम क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती कराया गया। वहां आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखने के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। २३ जुलाई २०२४ को उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत के बाद पिता ने करेली थाने और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से शिकायत की थी। इसके बाद नौ जून २०२५ को पुलिस आयुक्त और करेली थानाध्यक्ष को पंजीकृत डाक से प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। आखिरकार उन्होंने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर अब पुलिस ने अस्पताल संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अस्पतालमें सुविधाओंकी कमीका आरोप

पिता ने आरोप लगाया कि गौस मेडिकेयर सेंटर में आपात स्थिति से निपटने के लिए आईसीयू, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन जैसी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। इसके बावजूद उनके बेटे को अस्पताल में भर्ती किया गया। डॉक्टर के पास एमबीबीएस और सर्जन की डिग्री नहीं है। उन्होंने इलाज में लापरवाही और जरूरी संसाधनों के अभाव को बेटे की मौत हुई है। अस्पताल में भर्ती के दौरान कुल १२,४०० रुपये भुगतान किया गया था। करेली थाना प्रभारी सच्चिदानंद ने बताया कि एफआईआर दर्ज की गई है, जांच की जा रही है।

आज वाल्मीकि जयंतीपर बंद रहेंगे सरकारी दफ्तर

जिले के सभी सरकारी कार्यालय २६ अक्तूबर को वाल्मीकि जयंती के अवसर पर बंद रहेंगे। एडीएम सिटी मंगलेश दुबे के अनुसार प्रमुख सचिव के आदेशानुसार वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

कराओके से लाइव स्ट्रीमिंग तक, प्रयागराजमें शुरू हुआ संगीतका आधुनिक मंच



शहर के सांस्कृतिक एवं संगीत जगत को नई सौगात देते हुए 'रिदम-द कराओके जंक्शन' और 'द ओडियम' का उद्घाटन सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राजेश कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने संस्थापक दंपति पीयूष एवं कल्पना टंडन को शुभकामनाएं दीं। 'द कोरस प्रयागराज' के संस्थापक की इस पहल का उद्देश्य संगीत प्रेमियों को गायन, अभ्यास, प्रस्तुति और रिकॉर्डिंग के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त मंच उपलब्ध कराना है। 'रिदम' में ३,५०० से अधिक हिंदी और ६,००० से अधिक अंग्रेजी कराओके गीतों का संग्रह है। वहीं, लगभग ५० से ६० लोगों की क्षमता वाले 'द ओडियम' में पेशेवर साउंड सिस्टम, माइक्रोफोन, ४-के प्रोजेक्टर, विशाल स्क्रीन और कई ४-के कैमरों की सुविधा उपलब्ध है। यहां ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग और लाइव स्ट्रीमिंग भी की जा सकती है। यह मंच शुरुआती और अनुभवी गायकों को एक साथ संगीत का आनंद लेने तथा अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करेगा। संस्थापक दंपति ने बताया कि पिछले सात-आठ वर्षों से 'द कोरस' के माध्यम से संगीत प्रेमियों को जोड़ने की यात्रा को अब नए स्वरूप में विस्तार दिया गया है। 'रिदम' और' द ओडियम' के जरिए सामूहिक गायन, रचनात्मक अभिव्यक्ति और संगीत के प्रति सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा।